मैं एक इंडस्ट्री में बंधकर नहीं रहना चाहती थी

ट्रोलिंग पर रश्मिका का दो टूक जवाब

'एनिमल', 'छावा', 'गुडबाय' और 'मिशन मजनू' जैसी हिंदी फिल्मों में नजर आ चुकीं रश्मिका मंदाना को हिंदी बोलने के अंदाज यानी एक्सेंट को लेकर कई बार ट्रोलिंग झेलनी पड़ी है. अब उन्होंने इस पर खुलकर बात की है. रश्मिका हाल ही में अपने पति विजय देवरकोंडा के साथ करण जौहर के शो 'कॉफी विद करण 9' में पहुंचीं.

रश्मिका ने कहा कि फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने के बाद से ही कभी परफॉर्मेंस, कभी भाषा, कभी एक्टिंग तो कभी एक्सेंट को लेकर उनकी आलोचना होती रही है. इसी वजह से उन्होंने अपने लिए कोई सीमा तय नहीं की. वे सिर्फ एक इंडस्ट्री या एक भाषा में बंधकर नहीं रहना चाहती थीं, बल्कि सभी इंडस्ट्री में काम करना और अलग-अलग भाषाएं बोलना चाहती थीं.

उन्होंने बताया कि करियर की शुरुआत में ही उन्होंने हर तरह की फिल्में करने का फैसला कर लिया था. आज 'एनिमल' और 'द गर्लफ्रेंड' जैसी बिल्कुल अलग कहानियों का हिस्सा होना उन्हें एक अभिनेत्री के तौर पर संतोष देता है.

शो में रश्मिका ने बिकिनी और स्क्रीन पर स्किन दिखाने के सवाल पर भी राय रखी. उन्होंने कहा कि ऐसे कपड़ों में वे सहज महसूस नहीं करतीं. कमर्शियल फिल्मों में कई बार किरदार की मांग पर ऐसे कॉस्ट्यूम पहनने पड़ सकते हैं, लेकिन वे निर्देशकों और निर्माताओं को पहले ही अपनी सीमाएं बता देती हैं. उनके मुताबिक अक्सर मेकर्स इससे सहमत हो जाते हैं.

वर्क फ्रंट पर रश्मिका इन दिनों पति विजय के साथ फिल्म 'रणबाली' को लेकर चर्चा में हैं. यह फिल्म 16 अक्टूबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है. उनकी आने वाली फिल्मों में 'मायसा' और 'राका' शामिल हैं.

बॉक्स ऑफिस पर रजनीकांत का दबदबा कायम

सिनेमाघरों में इन दिनों साउथ की फिल्मों का जलवा है, जबकि बॉलीवुड की फिल्में कमाई के मामले में पिछड़ती दिख रही हैं. रजनीकांत की 'जेलर 2' और विजय देवरकोंडा-रश्मिका मंदाना की 'रणबाली' अच्छा कारोबार कर रही हैं. वहीं 'नई नवेली', 'प्रहार' और 'दृश्यम 3' की रफ्तार धीमी है.

'जेलर 2' 300 करोड़ क्लब में पहुंची

रिलीज के महज सात दिन में 'जेलर 2' ने भारत में कुल 317.20 करोड़ रुपये कमाकर 300 करोड़ क्लब में जगह बना ली है. बुधवार को फिल्म ने 28.15 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया. वर्ल्डवाइड यह आंकड़ा 582.45 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है. रिलीज के बाद से ही फिल्म को दर्शकों की जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है.

'रणबाली' भी दिखा रही दम

विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना की 'रणबाली' का मुकाबला 'जेलर 2' से है, हालांकि वह इससे काफी पीछे है. फिल्म ने मंगलवार को 7.10 करोड़ रुपये कमाए थे, जबकि बुधवार को 5.50 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया. छह दिन में इसकी कुल कमाई 42.05 करोड़ रुपये हो गई है.

'नई नवेली' और 'प्रहार' को नहीं मिली रफ्तार

यामी गौतम की हॉरर-कॉमेडी 'नई नवेली' 16 अक्टूबर को रिलीज हुई थी, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा कमाल नहीं कर पाई. बुधवार को इसने 2 करोड़ रुपये जुटाए और अब तक का कुल कलेक्शन 20.65 करोड़ रुपये है. उधर राजकुमार राव, वामिका गब्बी और जयदीप अहलावत की 'प्रहार' भी दर्शकों को खास प्रभावित नहीं कर सकी. बुधवार को इसकी कमाई 1.50 करोड़ रुपये रही और कुल कलेक्शन 15.95 करोड़ रुपये पर पहुंचा.

'दृश्यम 3' की धीमी चाल

अजय देवगन की 'दृश्यम 3: द कन्क्लूजन' को रिलीज हुए 20 दिन हो चुके हैं और अब यह धीमी गति से कमाई कर रही है. बुधवार को फिल्म ने 2.65 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया, इसका कुल आंकड़ा 359.79 करोड़ रुपये हो गया है.

हनु-मैन' फेम तेजा जल्द करेंगे शादी

पौराणिक सुपरहीरो फिल्म 'हनु-मैन' से लोकप्रियता पाने वाले तेजा सज्जा अब शादी करने जा रहे हैं. 'मिराई' की सफलता के बाद उनकी फैन फॉलोइंग और बढ़ी है. अब अभिनेता ने अपनी शादी से जुड़ी कई जानकारियां साझा की हैं. तेजा दिसंबर में शादी करेंगे. शादी के कार्यक्रम नवंबर में सगाई के साथ शुरू होंगे. उन्होंने बताया कि यह अरेंज मैरिज है और रिश्ता उनके माता-पिता ने तय किया है. अभिनेता ने कहा, 'यह एक अरेंज मैरिज है. मेरे माता-पिता ने इसे तय किया है.' होने वाली दुल्हन के बारे में तेजा ने बताया कि उनका फिल्म इंडस्ट्री से कोई नाता नहीं है.

दलेर मेहंदी विवाद में पीएम को पत्र

पंजाबी गायक दलेर मेहंदी को बीते दिनों उत्तराखंड के कुंजापुरी मेले में प्रस्तुति के लिए बुलाया गया था. मंच पर उनके अंदाज को देखकर राज्य के कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने नाराजगी जताई और शराब पीने का आरोप लगाया. इंडस्ट्री के कई कलाकारों ने गायक का पक्ष लेते हुए दावा किया है कि वह शराब नहीं पीते. अब फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज ने भी उनका समर्थन किया है. संस्था ने पीएम नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर मंत्री द्वारा कथित तौर पर सार्वजनिक रूप से अपमान किए जाने का जिक्र किया है.

बिग बी को क्या हुआ?

सदी के महानायक अमिताभ बच्चन के एक संदेश ने उनके प्रशंसकों की चिंता बढ़ा दी है. 84 वर्षीय अभिनेता ने बुधवार 21 अक्टूबर को एक्स पर लिखा कि उन्हें कुछ दिन आराम करने की सलाह दी गई है, इसलिए वे फिलहाल कुछ लिख नहीं पा रहे. इसके लिए उन्होंने फैंस से क्षमा मांगी. उन्होंने हिंदी में यह पोस्ट साझा की. इससे एक दिन पहले अपने ब्लॉग में उन्होंने दशहरा की शुभकामनाएं देते हुए बताया था कि वे पूरी तरह आराम और स्वास्थ्य-लाभ की स्थिति में हैं और उन्हें संवाद करने की अनुमति नहीं है. जिन लोगों ने व्यक्तिगत संदेश भेजे, उनसे भी उन्होंने खेद जताया और कहा कि इसे ही उनका उत्तर माना जाए. आगे जल्द ही लिखने की उम्मीद जताई. हालांकि बच्चन ने यह नहीं बताया कि उन्हें किस कारण आराम की सलाह दी गई है. पोस्ट के बाद सोशल मीडिया पर प्रशंसकों ने जल्द स्वस्थ होने की दुआएं कीं. गौरतलब है कि बिग बी अपने ब्लॉग और सोशल मीडिया के जरिये प्रशंसकों से नियमित रूप से जुड़े रहते हैं.

जब अमिताभ बच्चन से उलझ गई कंटेस्टेंट



कौन बनेगा करोड़पति' सीजन 18 के मंच पर उस समय हंसी का ठहाका गूंज उठा, जब हॉटसीट पर बैठी प्रतियोगी मंजुषा शिरसाठ ने सदी के महानायक अमिताभ बच्चन को ही चुनौती दे डाली. बातचीत की शुरुआत तो एक फिल्मी डायलॉग की फरमाइश से हुई थी, जब मंजुषा ने अमिताभ बच्चन से उनका कोई यादगार डायलॉग सुनाने की गुजारिश की, तो बिग बी ने मुस्कुराते हुए चुटकी ली, 'मैं आपका इम्तिहान लेने आया हूँ यहाँ पर, आप हमारा इम्तिहान नहीं ले सकतीं.

'उड़ता तीर' की स्क्रीनिंग में जुटे सितारे

भाई इब्राहिम के साथ पहुंचीं सारा

आयुष्मान खुराना और सारा अली खान की फिल्म 'उड़ता तीर' कल यानी 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है. इससे पहले मुंबई में फिल्म की स्क्रीनिंग हुई, जिसमें मुख्य कलाकारों के साथ सिनेमा जगत की कई हस्तियां पहुंचीं.

आयुष्मान और सारा ने कैमरे के सामने साथ पोज दिए. दोनों कलाकार फिल्म के नाम वाली टी-शर्ट में नजर आए. सारा अपने भाई इब्राहिम अली खान के साथ आईं और सबसे पहले उन्हीं के साथ तस्वीरें खिंचवाईं. ब्लैक आउटफिट में सारा बेहद खूबसूरत लग रही थीं. वे खुश और उत्साहित दिखीं और फोटोग्राफरों का अभिवादन भी किया.

आयुष्मान ने स्टाइलिश अंदाज में एंट्री ली. ब्लैक आउटफिट के साथ चश्मा पहने अभिनेता मुस्कुराते हुए पोज देते दिखे. वे अपने परिवार के साथ भी पहुंचे, जिनकी टी-शर्ट पर भी 'उड़ता तीर' लिखा था.

स्क्रीनिंग में सानिया मल्होत्रा नए लुक में वेस्टर्न आउटफिट पहनकर आईं. गायक अदनान सामी भी पहुंचे और कैमरे के सामने खुश नजर आए. अभिनेत्री तेजस्वी प्रकाश ने ग्लैमरस अंदाज मंभ अपने जलवे बिखेरे.

स्क्रीनिंग के बाद अब दर्शकों की नजर फिल्म की रिलीज और बॉक्स ऑफिस पर टिकी है.



इंडियन आइडल का फाइनलिस्ट बना क्रिकेट अंपायर

ऑस्ट्रेलिया में संभालेगा मैदान

इंडियन आइडल से पहचान बनाने वाले गायक और गीतकार पाराशर जोशी अब क्रिकेट अंपायर के रूप में नाम कमा रहे हैं. बीसीसीआई और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अंपायर एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत उन्हें ऑस्ट्रेलिया में शेफील्ड शील्ड मैच में अंपायरिंग का मौका मिला है. इसी कार्यक्रम में ऑस्ट्रेलियाई अंपायर बेन ट्रेलोर भारत में रणजी ट्रॉफी के दो मुकाबलों में अंपायरिंग करेंगे.

संगीत में पहचान बनाने के लिए

पाराशर को शुरुआती तीन साल रिजेक्शन झेलना पड़ा. चौथे साल उन्होंने फिर कोशिश की और 2008 में इंडियन आइडल सीजन 4 में चुने गए, हालांकि शो जीत नहीं सके. क्लब स्तर पर क्रिकेट खेलने वाले पाराशर ने बाद में अंपायरिंग को करियर बनाया. 2015 में बीसीसीआई ने उन्हें अपने आधिकारिक अंपायर पैनल में शामिल किया. वे रणजी ट्रॉफी, दलीप ट्रॉफी और आईपीएल मैचों में अंपायरिंग कर चुके हैं. क्रिकेट से जुड़े रहने के बावजूद गायन से उनका लगाव कम नहीं हुआ है

किसके साथ बुर्का पहन मस्जिद पहुंचीं मलाइका!

बॉलीवुड की ग्लैमरस अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा अपने नए वीडियो को लेकर सुर्खियों में हैं. इंस्टाग्राम पर साझा किए गए इस वीडियो में वे बुर्के में नजर आ रही हैं. यह वीडियो अबू धाबी की शेख जायद ग्रैंड मस्जिद का है, जहां वे योग उद्यमी सर्वेश शशि के साथ पहुंचीं. वीडियो सामने आते ही सोशल मीडिया पर मलाइका को ट्रोल किया जाने लगा.

लोगों ने सवाल उठाया कि उन्होंने बुर्के के साथ पैरों में जूते पहन रखे थे और वह भी मस्जिद के भीतर. यह पहला मौका नहीं है, जब मलाइका किसी बात पर ट्रोलिंग का शिकार हुई हैं. इस बीच सर्वेश शशि की इंस्टाग्राम पोस्ट ने भी ध्यान खींचा. एक तस्वीर में दोनों कार के अंदर हैं और मलाइका आंखें बंद किए सर्वेश के कंधे पर सिर रखे दिख रही हैं. मस्जिद में भी सर्वेश उनके कंधे पर हाथ रखे नजर आए.

इन करीबी तस्वीरों से दोनों के रिश्ते की अफवाहें तेज हो गई हैं. रिश्ते का सच क्या है, यह सिर्फ मलाइका ही बता सकती हैं. सर्वेश शशि एक योग स्टूडियो चेन और वेलनेस प्लेटफॉर्म के संस्थापक हैं. वे फोर्ब्स 30 अंडर 30 एशिया सूची में शामिल रहे हैं.

फिल्म 'रामायण' को लेकर चर्चा में चल रहे रणबीर कपूर ने कोलकाता के दशहरा कार्यक्रम में अपने शब्दों के चुनाव के लिए माफी मांगी है. चेन्नई में फिल्म के म्यूजिकल इवेंट में उन्होंने माना कि बोलते समय उनसे गलती हो गई थी. बीते दिन वायरल हुए वीडियो में वे कहते दिखे थे कि बुराई कितनी भी ताकतवर हो, 'आखिर में अंत' सच्चाई और अच्छाई का होगा. इस वाक्य पर सोशल मीडिया में उनकी खूब आलोचना हुई.

रणबीर ने साफ किया कि वे कहना चाहते थे कि जीत सच्चाई और अच्छाई की ही होगी. एआर रहमान के साथ 'रॉकस्टार' में किए काम को याद करते हुए उन्होंने 'बर्बाद करे अल्फाज मेरे' पंक्ति का सहारा लिया और कहा कि वह इसके लिए सचमुच माफी मांगते हैं.

'बर्बाद करे अल्फाज मेरे'

विद्या मालवडे का डिजिटल डेब्यू

चकदे! इंडिया' से पहचान बनाने वाली अभिनेत्री विद्या मालवडे ने माइक्रोड्रामा की दुनिया में कदम रखा है. वह स्टोरी टीवी की नई सीरीज 'स्कैम 2024 - द डिजिटल अरेस्ट स्टोरी' में नजर आएंगी. सीरीज में प्रतीक सहजपाल और विनीत रैना भी अहम भूमिकाओं में हैं. आलोक शर्मा के निर्देशन में बनी इस सीरीज को स्मॉलटाउन बॉयज ने तैयार किया है. इसे स्टोरी टीवी ऐप पर देखा जा सकता है.

सीरीज की कहानी प्रिया शर्मा नाम की एक नौकरीपेशा महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जो डिजिटल अरेस्ट के नाम पर होने वाली ठगी का शिकार बन जाती है. शुरुआत में उसे यह अपनी निजी परेशानी लगती है, लेकिन जल्द ही उसे एक संगठित गिरोह की करतूत का पता चलता है. इसके बाद वह इस गिरोह का सामना करने का फैसला करती है.

विद्या मालवडे ने अपने किरदार के बारे में कहा कि प्रिया की कहानी इसलिए खास है, क्योंकि इस तरह की ठगी का शिकार कोई भी हो सकता है. पढ़े-लिखे और सावधान लोग भी कुछ ही घंटों में अपनी जमा-पूंजी गंवा सकते हैं. उन्होंने कहा कि अगर यह कहानी किसी एक परिवार को भी ऐसे फोन कॉल पर भरोसा करने से पहले सोचने के लिए मजबूर करती है. सीरीज में प्रतीक सहजपाल विक्की मंडल की भूमिका निभा रहे हैं, जो ठगी करने वाले गिरोह का मुख्य सदस्य है. प्रतीक ने कहा कि इस किरदार के लिए उन्हें समझना पड़ा कि ऐसे गिरोह किस तरह योजनाबद्ध तरीके से लोगों को अपने जाल में फंसाते हैं. वहीं, विनीत रैना एक निलंबित अधिकारी राज ठाकुर के किरदार में हैं, जो गिरोह के खिलाफ लड़ाई में शामिल होता है.

कहां तक ये मन को अंधेरे छलेंगे...

डॉ. विजय सुखवानी
v1sukhwani@gmail.co

मुझे विश्वास है कि आप में से बहुत कम लोग जानते होंगे कि प्रसिद्ध संगीतकार बप्पी लाहिरी के सबसे लोकप्रिय गानों में से एक 'चलते चलते, मेरे ये गीत याद रखना' (चलते चलते) के गीतकार कौन हैं? इस लोकप्रिय गीत और ऐसे कई अन्य लोकप्रिय गीतों के रचियता हैं 'अमित खन्ना.

बहुआयामी व्यक्तित्व

अमित खन्ना हिंदी सिनेमा के एक ऐसे बहुआयामी व्यक्तित्व हैं जिन्हें न केवल एक बेहतरीन गीतकार, बल्कि एक सफल निर्माता, निर्देशक और मीडिया मुगल के रूप में भी जाना जाता है. उन्होंने भारतीय मनोरंजन जगत में लगभग पांच दशकों तक अपना उल्लेखनीय योगदान दिया है.



यह जानना भी रोचक होगा कि अमित खन्ना को ही हिंदी फिल्म उद्योग के लिए प्रयुक्त मशहूर शब्द 'बॉलीवुड' गढ़ने का श्रेय जाता है.

400 से अधिक गीत लिखे

अमित खन्ना की लेखनी में सरलता और गहराई दोनों का मेल मिलता है. उनके गीतों ने न केवल बप्पी लाहिड़ी और राजेश रोशन जैसे संगीतकारों के करियर को नई ऊंचाई दी, बल्कि हिंदी सिनेमा को कई यादगार लम्हें भी दिए. गीतकार के रूप में उनकी सबसे बड़ी पहचान फिल्म 'चलते चलते' (1976) से बनी. फिल्म का उनका लिखा शीर्षक गीत 'चलते चलते, मेरे ये गीत याद रखना' गीत आज भी किशोर कुमार के सबसे लोकप्रिय गानों में से एक है. इसी प्रकार आशा भोसले की आवाज में फिल्म 'लूटमार' का गाना 'जब छाए मेरा जादू' भी बेहद मशहूर हुआ. उनके लिखे अन्य लोकप्रिय गीतों में फिल्म 'बातों बातों में' का सदाबहार गीत 'उठे सबके कदम देखो रम-पम-पम' मस्ती और खुशमिजाजी का प्रतीक माना जाता है. इसी फ़िल्म का उनका क्लासिक गीत 'कहां तक ये मन को अंधेरे छलेंगे' एक बेहद लोकप्रिय मोटिवेशनल गीत है.

दूरदर्शन के प्रसिद्ध धारावाहिक 'बुनियाद' के निर्माण में भी उनकी अहम भूमिका थी. उन्होंने मशहूर टीवी धारावाहिकों जैसे 'बुनियाद', 'देख भाई देख' और 'स्वाभिमान' के शीर्षक गीत भी लिखे. अमित खन्ना ने केवल गीतकार के रूप में ही नहीं, बल्कि फिल्म निर्माण और मीडिया शिक्षा के क्षेत्र में भी बड़ा महत्वपूर्ण योगदान दिया है.

कमर दर्द से जूझ रहीं दिव्यांका

चार महीने बाद काम पर वापसी

टीवी के लोकप्रिय कपल दिव्यांका त्रिपाठी और विवेक दहिया इन दिनों रियलिटी शो 'पति पत्नी और पंगा 2' में नजर आ रहे हैं. शादी के 10 साल बाद मई 2026 में जुड़वां बेटों के माता-पिता बने इस जोड़े ने बच्चों के जन्म के करीब चार महीने बाद काम पर वापसी की है.

एक इंटरव्यू में दिव्यांका ने कहा कि मां बनने के बाद पहले जैसी जिंदगी में लौटना आसान नहीं होता. उनके मुताबिक डिलीवरी के बाद काम शुरू करना शारीरिक और मानसिक रूप से नई शुरुआत जैसा है. चलना, बैठना और उठना जैसी छोटी चीजें भी मुश्किल हो जाती हैं. उन्होंने बताया कि शुरुआती दो महीने बेहद कठिन थे. कमर में तेज दर्द रहता था और उठने में भी परेशानी होती थी. इसलिए उन्होंने स्विमिंग पूल में की जाने वाली एक्वा थेरेपी शुरू की, जिसमें शरीर पर कम दबाव पड़ता है. फिजियोथेरेपी अब भी जारी है, हालांकि उसकी फ्रीक्वेंसी कम कर दी गई है.

दिव्यांका ने पति का आभार जताया. उनके अनुसार विवेक को आशंका थी कि लंबे समय तक घर में रहने पर पोस्टपार्टम डिप्रेशन हो सकता है, इसलिए उन्होंने काम शुरू करने के लिए प्रेरित किया.